# शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर में आयोजित "हिन्दी पखवाड़ा" (14 से 28 सितम्बर, 2015) की रिपोर्ट

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान ,जोधपुर में 14से 28 सितम्बर के दौरान हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़ा का समारंभ 14 सितंबर "**हिन्दी दिवस**" के दिन हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुआ। जिसमें 19 कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ . तरुण कान्त एवं श्री आशीष कुमार सिन्हा ने इस प्रतियोगिता का संचालन किया। इस अवसर पर आफरी के कार्यकारी निदेशक डॉ . जी. सिंह, समूह समन्वयक (शोध) श्री बी.आर. भादू समेत संस्थान के वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डॉ. जी. सिंह ने बताया कि हिन्दी को जो दर्जा मिलना चाहिए था वह आज भी नहीं मिल पाया है तथा आज की आवश्यकता है कि हम सब मिलकर हिन्दी को सशक्त बनाएं।




*हिन्दी दिवस पर आफरी में हिन्दी पखवाड़ा का समारंभ*



*समारंभ समारोह के दौरान हिन्दी प्रश्नोत्तरी का दृश्य*

हिन्दी पखवाड़ा में दिनांक 21/09/2015 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें हिन्दी अधिकारी श्री कैलाश चन्द गुप्ता ने नव -नियुक्त 13 मंत्रालयिक एवं तकनीकी कर्मचारियों को राजभाषा संबंधी नीति की जानकारी दी।

दिनांक 22/09/2015 को हिन्दी में वैज्ञानिक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ राजभाषा विभाग , भारत सरकार की वेबसाइट से साभार लिए गए संगीतमय गीत "हिन्दी भारत माँ की बिंदी " से हुआ। व्याख्यानमाला में डॉ . सीमा कुमार ने 'आफरी मुख्य परिसर में कशेरुकी जीव विविधता ' पर सचित्र जानकारी दी । इसके अतिरिक्त डॉ. जी सिंह ने "वर्षा जल संग्रहण मॉडल" पर मय आंकड़ों के सचित्र जानकारी दी, श्री ऊमा राम चौधरी ने "पर्यावरण संरक्षण " पर व डॉ . उत्तर कुमार तोमर ने "आनुवंशिकी विकास" पर हिन्दी में अपने व्याख्यान दिये। इस अवसर पर निदेशक श्री एन. के. वासु ने व्याख्यानदाताओं के हिन्दी में किए गए प्रयास को सराहा। आपने कहा कि विभिन्न शोध कार्यों को आमजन के लिए उपयोगी बनाकर तथा उन्हें सरल हिन्दी में अभिव्यक्त करने से ही शोध प्रयोजन की प्राप्ति की जा सकती है तथा आज की आवश्यकता है कि हम सब मिलकर जन आकांक्षा के अनुरूप पहल करें।




*वैज्ञानिक व्याख्यानमाला उपस्थित संस्थान कर्मियों को*
*संबोधित करते हुए संस्थान निदेशक*

हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह की शुरुआत जोधपुर रेल मण्डल द्वारा निर्मित कर्तव्य निष्ठा से ओत -प्रोत रेल गीत - "हम हैं जोधपुर रेल कर्मी " के प्रदर्शन से हुई तत्पश्चात स्व रचित कविता -पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। आफरी के हिन्दी अधिकारी श्री कैलाश चन्द गुप्ता ने हिन्दी का वार्षिक प्रतिवेदन (2014-15) प्रस्तुत किया तथा राजभाषा वार्षिक लक्ष्यों पर प्रकाश डाला।

आफरी के निदेशक श्री एन . के. वासु भा .व.से ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिन्दी में लगन व कर्तव्य निष्ठा से कार्य करना चाहिए साथ ही आपने सभी से सरकारी काम - काज में राजभाषा नीति -नियमों का पालन करते हुए हिन्दी के प्रति स्वप्रेरणा का बोध रखे जाने का आह्वान किया।




*समापन समारोह दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए निदेशक आफरी*



*समापन समारोह मुख्य अतिथि श्री रजनीश त्रिपाठी को*
*स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए निदेशक आफरी*

विज्ञान को हिन्दी में सहजता से प्रचारित प्रसारित करना महत्वपूर्ण है व विज्ञान को भाषा से जोड़कर ही प्रगति हासिल की जा सकती है ये उद्गार शुष्क वन अनुसंधान संस्थान ,

जोधपुर के सभागार में हिन्दी पखवाड़ा  के समापन समारोह में मुख्य  अतिथि के रूप में पधारे श्री रजनीश त्रिपाठी ,मण्डल सुरक्षा आयुक्त , उत्तर पश्चिम रेलवे , जोधपुर ने व्यक्त किये साथ ही आपने आफरी में शोध के क्षेत्र में हो रहे हिन्दी के प्रयोग की  सराहना भी की ।




*समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री रजनीश त्रिपाठी अपने विचार व्यक्त करते हुए*

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदय ने हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित हुई प्रतियोगिताओं,वैज्ञानिक व्याख्यानदाताओं तथा हिन्दी में कार्य करने के लिए सामान्य व विशिष्ट क्षेत्र की प्रोत्साहन योजनाओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मंच संचालन में श्री अजय वशिष्ठ , हिन्दी अनुवादक ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के हिन्दी अधिकारी श्री कैलाश चन्द गुप्ता ने मुख्य अतिथि एवं सभी का आभार व्यक्त किया।



*समापन समारोह में उपस्थित संस्थान कर्मी*

{***हिन्दी पखवाड़ा** -2015 : **प्रतियोगिता परिणाम***}

| क्र. सं. | प्रतियोगिता का नाम | प्रथम स्थान | द्वितीय स्थान | तृतीय स्थान | प्रोत्साहन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | *हिन्दी प्रश्नोत्तरी* | श्रीमती मीता सिंह तोमर | श्री बुंदेश कुमार | श्री बृजेश कुमार | श्री सवाई सिंह राजपुरोहित |
| 02. | *हिन्दी टंकण* | श्री नरेंद्र कुमार शारदा | डॉ॰ हेमलता | श्री हरीश कुमार | श्री देवेन्द्र सिंह सिसोदिया |
| | *हिन्दी टंकण (सारांश)* | श्रीमती कुसुम परिहार | श्री के. एस. परमार | श्री अखिल भण्डारी | श्री राजेश कुमार गुप्ता |
| 03. | *हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता* | श्री नरेंद्र कुमार लिम्बा | श्री अनिल शर्मा | श्रीमती मीता सिंह तोमर | श्री अखिल सिंह भण्डारी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 04. | *सामान्य प्रशासनिक ज्ञान प्रतियोगिता* | श्री नरेंद्र कुमार शारदा | श्री जितेंद्र भाटी | सुश्री दीपिका लोढ़ा<br>श्री अनिल शर्मा | श्री शिवदान सिंह राजपूत |
| 05. | *हिन्दी निबंध* | श्रीमती संगीता त्रिपाठी | सुश्री दीपिका लोढ़ा | श्रीमती कुसुम परिहार | श्री बृजेश कुमार |
| 06 | *सामान्य कार्यालयीन ज्ञान प्रतियोगिता (कार्यालय परिचारकों के लिए )* | श्री सवाई सिंह राजपुरोहित | श्री कैलाश चौधरी | श्री ज्योति प्रकाश चौबे | श्री राजा राम |
| 07. | ***स्वरचित** कविता - पाठ* | श्रीमती कुसुम परिहार | श्रीमती मीता सिंह तोमर | श्रीमती संगीता त्रिपाठी | श्री अनिल शर्मा |

## ***हिन्दी में कार्य करने हेतु लागू प्रोत्साहन योजनाओं के विजेता***

### सामान्य प्रोत्साहन योजना

01. श्री लक्ष्मण सिंह राठौड़
02. श्री देवेन्द्र सिंह सिसोदिया
03. श्रीमती अनुराधा भाटी
04. श्रीमती रेखा दाधीच
05. श्रीमती पुष्पा राठौड़
06. डॉ. हेमलता

### विशिष्ट क्षेत्र के लिए प्रोत्साहन योजना

01. श्रीमती संगीता त्रिपाठी
02. श्री नवीन कुमार बौहरा

## *मीडिया कवरेज*

### आफरी में हिन्दी पखवाड़ा आरम्भ

जोधपुर 14 सितम्बर। आफरी के सभागार में हिन्दी पखवाड़े के तहत हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आफरी के कार्यकारी निदेशक डॉ. जी.सिंह ने कहा कि हिन्दी को जो दर्जा दर्जा मिलना चाहिए था वह आज भी नही मिल पाया है तथा आज की आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर हिन्दी को सशक्त बनाएं। कार्यक्रम में आफरी के समूह समन्वयक (शोध) बी.आर. भादू एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अजय वशिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने सहयोग किया।

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार सरकारी कामकाज में हिन्दी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 सितम्बर से 28 सितम्बर, तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। आफरी के हिन्दी अधिकारी कैलाश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि इस दौरान आफरी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु 15 सितम्बर को हिन्दी टंकण प्रतियोगिता (सारांश एवं सामान्य) 16 सितम्बर को हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता, 18 सितम्बर को सामान्य प्रशासनिक ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसकी कड़ी में 21 सितम्बर को हिन्दी निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसका विषय जैव विविधता का संरक्षण आज की आवश्यकता रखा गया है। हिन्दी पखवाड़े के दौरान 22 सितम्बर सामान्य हिन्दी में वैज्ञानिक व्याख्यान तथा 23 सितम्बर को कार्यालय परिचारकों तथा समकक्षों हेतु सामान्य कार्यालयी ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। हिन्दी पखवाड़े के समापन 28 सितम्बर को होगा जिसमें हिन्दी स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जनगण

दैनिक जनगण 15/9/2015

### आफरी में सामान्य कार्यालयी ज्ञान प्रतियोगिता आज

जोधपुर, 22 सितंबर (कास)। शोध कार्यों का सरल भाषा में प्रस्तुतीकरण कर आम जन को अवगत कराना चाहिए, जिससे शोध कार्यों के परिणामों से आम जन को फायदा हो सके। यह बात शुष्क वन अनुसंधान संस्थान जोधपुर के निदेशक एनके वासु ने आफरी में मनाये जा रहे हिंदी पखवाड़े के तहत आयोजित वैज्ञानिक व्याख्यानमाला में कही। वासु ने बताया कि विभिन्न शोध कार्यों को आम जन के लिए उपयोगी बनाकर तथा उन्हें हिंदी में अथवा स्थानीय भाषा में अभिव्यक्त करने से ही क्षेत्र की उन्नति हासिल की जा सकती है। आज की आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर हिंदी को सशक्त बनाएं। डॉ सीमा कुमार ने परिसर में पाये जाने वाले विभिन्न पक्षियों डा जी सिंह ने वर्षा जल, संग्रहण उमराम चौधरी तथा डॉ यूके तोमर ने अनुवांशिक पर व्याख्यान दिया। आफरी के हिंदी अधिकारी कैलाशचंद गुप्ता ने बताया कि 23 सितंबर को कार्यालय परिचालकों तथा समकक्षों हेतु सामान्य कार्यालयी ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। समापन समारोह 28 सितंबर को हिंदी कविता पाठ तथा पुरस्कार वितरण कर आयोजित किया जाएगा।

जलते दीप 23-9-2015

जलते दीप 23/9/2015

24-9-2015

**एक्टिविटी**

### हिंदी को सशक्त बनाना ही आज की आवश्यकता :वासु

**जोधपुर.** आफरी में चल रहे हिंदी पखवाड़े के तहत गुरुवार को वैज्ञानिक व्याख्यानमाला आयोजित की गई। इसमें संबोधन देते हुए आफरी के निदेशक एनके वासु ने कहा कि शोध कार्यों का सरल भाषा में प्रस्तुतीकरण कर आम जन को बताना चाहिए जिससे शोध कार्यों के परिणामों से ज्यादा फायदा हो सके। वासु ने बताया कि शोध कार्यों को आम जन के लिए उपयोगी बनाकर तथा उन्हें हिंदी में अथवा स्थानीय भाषा में अभिव्यक्त करने से ही क्षेत्र की उन्नति हासिल की जा सकती है तथा आज की आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर हिन्दी को सशक्त बनाएं। डॉ. सीमा कुमार ने आफरी परिसर में पाये जाने वाले विभिन्न पक्षियों पर जानकारी दी जबकि डॉ. जी. सिंह ने वर्षा जल संग्रहण पर तथा उमराम चौधरी ने पर्यावरण पर व्याख्यान दिया। डॉ. यूके तोमर ने अनुवांशिकी पर व्याख्यान दिया। हिंदी अधिकारी कैलाश चन्द गुप्ता ने बताया कि हिंदी पखवाड़े के तहत बुधवार को कार्यालय परिचारकों तथा समकक्षों हेतु सामान्य कार्यालयी ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। पखवाड़े का समापन 28 सितंबर को होगा।

# सरल भाषा में प्रस्तुत हो शोध कार्य: वासु

## आफरी में हिन्दी पखवाड़ा व्याख्यानमाला

■ राजस्थान खोज खबर

जोधपुर। शोध कार्यों का सरल भाषा में प्रस्तुतीकरण कर आम जन को अवगत कराना चाहिए, जिससे शोध कार्यों के परिणामों से आम जन को फायदा हो सके। यह उद्गार शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) जोधपुर, के निदेशक एन.के.वासु ने आफरी में मनाए जा रहे हिन्दी पखवाड़े के तहत आयोजित वैज्ञानिक व्याख्यानमाला में व्यक्त किए। वासु ने बताया कि विभिन्न शोध कार्यों को आम जन के लिए उपयोगी बनाकर तथा उन्हें हिन्दी में अथवा स्थानीय भाषा में अभिव्यक्त करने से ही क्षेत्र की उन्नति हासिल की जा सकती है। आज की आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर हिन्दी को सशक्त बनाएं। ।इस अवसर पर आयोजित व्याख्यानमाला में डॉ. सीमा कुमार ने आफरी परिसर में पाए जाने वाले विभिन्न पक्षियों पर जानकारी दी। डॉ जी. सिंह ने वर्षा जल संग्रहण पर तथा उमाराम चौधरी ने पर्यावरण पर व्याख्यान दिया। डॉ. यू. के. तोमर ने अनुवांशिकी पर व्याख्यान दिया। आफरी के हिन्दी अधिकारी कैलाश चन्द गुप्ता ने बताया कि 28 सितम्बर तक चलने वाले हिन्दी पखवाड़े के दौरान आफरी कर्मचारियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी 23 सितम्बर को कार्यालय परिवारजनों तथा समकक्षों के लिए सामान्य कार्यालयी ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। पखवाड़े का समापन समारोह 28 सितम्बर को हिन्दी कविता पाठ तथा पुरस्कार वितरण कर आयोजित किया जाएगा।



स्वात्वाधिकारी सूर्यभूमि बिल्डइन्फ्रा प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक, संपादक वासुदेवसिंह द्वारा खोज खबर ऑफसेट, प्लॉट नम्बर-19, जेडएसए, बीजेएस कॉलोनी आरटीओ ऑफिस रोड जोधपुर से 56349/93 पोस्टल रजिस्ट्रेशन JODHPUR / 12/2015-2017, फोन: 2533100, फैक्स : 2533200, समाचार संपादक: दिनेश जोशी - पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।

राजस्थान खोज खबर 23-9-2015

# विज्ञान को हिन्दी से जोड़कर सहजता से प्रगति संभव



आफरी में हिन्दी पखवाड़े के समापन पर मंचासीन अतिथि

जोधपुर। विज्ञान को हिन्दीक मे सहजता से प्रचारित प्रसारित करना महत्वपूर्ण है, तथा भाषा को ज्ञान से जोडकर ही प्रगति हासिल की जा सकती है। यह उद्गार मण्डल रेलवे के सुरक्षा आयुक्त रजनीश त्रिपाठी ने शु.व.अ.सं. (आफरी), जोधपुर के सभागार मे आयोजित हिन्दी पखवाडे के समापन समारोह मे व्यक्त किये। उन्होंने आफरी द्वारा किये जा रहे हिन्दी मे कार्यों की सराहना भी की।

आफरी निदेशक एन के वासु ने हिन्दी में कार्य करने हेतु लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा की वकालत करते हुए सभी हिन्दी मे कार्य करने के लिए प्रोत्साहन बढाने की घोषणा की। कार्यक्रम मे आफरी के हिन्दी कैलाशचंद्र गुप्ता ने हिंदी का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समापन समारोह मे आफरी मे हिंदी पखवाडे के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं प्रोत्साहन योजनाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह मे कविता पाठ का आयोजन भी किया गया। पखवाडे के दौरान हिन्दी अनुवादक अजय वशिष्ठ ने सहयोग किया।

## बीएसएनएल में हिन्दी पखवाड़ा के विजता पुरस्कृत

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसरण में महाप्रबन्धक दुरसंचार जिला जोधपुर कार्यालय में 'हिन्दी पखवाड़ा' सम्पन्न हुआ । हिन्दी पखवाड़े के दौरान कर्मचारियो व अधिकारियो के लिए हिन्दी निबन्ध, श्रुति लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इसके अतिरिक्त कर्मचारियो व अधिकारियो के बच्चो के लिए कविता पाठ, निबन्ध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओ का भी आयोजन किया गया ।कर्मचारियो व अधिकारियो के लिए प्रशासनिक शब्दावली में प्रफुल्ल जोगावत, हिन्दी निबन्ध में आर पी प्रजापत, हिन्दी मे टिपपण प्रारुप लेन मे महेश कुमार, श्रुतिलेख मे रमेश कुमार शर्मा एव राजभाषी प्रश्नोतरी में महेश कुमार प्रथम विजा रहे ।सुभाष नगर स्थित दूरसंचार भावन मे समापन समारोह आयोजित हुआ ।जिसमें वरिष्ठ महाप्रबंधक दुरसंचार आरके चौहान अतिम मा प्र पंकज भण्डारी व एन आर इणखिया ने हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतियोकिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया ।इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंध चौहान ने कहा कि आज हिन्दी में सरकारी कामकाज करना हमारा संवैधानिक दायित्व ही नहीं समय की मांग भी है । हम अपने उपभोक्ताओं पर पकड़ तभी बना रख पायेंगे जब हम उपभोक्ताओं की भाषा हिन्दी में ही पत्राचार व बातचीत

दैनिक प्रातःकाल 29-9-2015

जनगण

29-9-2015

# आफरी में हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित

[illegible]

दैनिक जनगण 29/9/2015